16. Tripura
17. Uttar Pradesh
18. Andaman & Nicobar Islands
19. Dadra & Nagar Haveli
20. Lakshadweep
21. Pondicherry,

(c) Yes, Sir. The facilities provided for development of tourism infrastructure are comparable to those given to the Indus-tries.

(d) and (e) The Govemunent has declared Hotel and Tourism related Industries as a priority sector for investment and is now eligible for direct foreign investment upto 51 per cent of equity capital. NRIs can invest upto 100 per cent of equity capital. The Government has mades efforts' to get foreign investment in tourism sector on the lines of Industry.

पायलटों की हड़ताल के कारण विमान किरायों में वृद्धि

31. श्री महेन्द्र सिंह लाठर :
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पायलटों की हड़ताल के आरंभ होने अर्थात् 10 अक्तूबर, 1992 से लकर उनकी हड़ताल समाप्त होने की अवधि तक इंडियन एयरलाइन्स को कुल कितना घाटा हुआ है ;

(ख) क्या सरकार उस घाटे को और इंडियन एयरलाइन्स को अन्य कारणों से हुए घाटे को पूरा करने के लिये यात्री किराये में वृद्धि करना चाहती है ; और

(ग) यदि हां, तो यात्री किराये में कितनी वृद्धि की जायेगी और इसका विमानों से यात्रा करने वाले यात्रियों पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इंडियन एयरलाइंस को, 15 अक्तूबर, 1992 से 24 जनवरी, 1993 के बीच उसके विमानचालकों द्वारा आंदोलन/हड़ताल किये जाने के कारण लगभग 47.75 करोड़ रुपए की अनुमानित नकद हानि हुई है।

(ख) और (ग) इस समय इंडियन एयरलाइंस के किराये में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

राजस्थान में सवाई माधोपुर के लिए विमान सेवा

32. श्री मूल चन्द मीणा :
श्री मुहम्मद मसूद खान :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में अब तक कौन-कौन से शहरों को विमान सेवा से जोड़ा गया है और तत्संबंधी अन्य ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सवाई माधोपुर शहर को विमान सेवा से जोड़ने की सरकार की कोई योजना है ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त शहर को कब तक विमान-सेवा से जोड़ दिये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इंडियन एयरलाइंस इस समय जयपुर, जोधपुर, और उदयपुर के लिए अपनी सेवाओं का परिचालन कर रही है । वाणिज्यिक और परिचालनात्मक कारणों से, वायुदूत ने जयपुर, कोटा, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और उदयपुर से अपनी सेवाएं हटा ली हैं ।

(ख) और (ग) सवाई माधोपुर को हवाई सेवा से जोड़ने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।